इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
एम.ए. समाजशास्त्र में कोर पाठ्यक्रम
अध्यापक जांच सत्रीय कार्य
एम.एस.ओ.–003: विकास का समाजशास्त्र

कार्यक्रम कोडः एमएसओ
पाठ्यक्रम कोड : एम.एस.ओ.–003
सत्रीय कार्य कोडः एमएसओ–003 / सत्रीय कार्य / टीएमए / 2025–26

अधिकतम अंकः 100
अधिभारिताः 30%

नोट : किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक भाग से कम से कम दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

खंड-I

1. विकास पर्यावरण को किस प्रकार प्रभावित करता है? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 20

2. भारत में बड़े बांधों के निर्माण से उत्पन्न मुख्य समस्याएं क्या हैं? क्या आप मानते हैं कि बड़े बांधों का निर्माण एक अच्छा विचार है? तर्क सहित उत्तर दीजिए। 20

3. जातीय-विकास (Ethno-development) की अवधारणा को विस्तार से समझाइए तथा भारत की विकासात्मक रणनीति में इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए। 20

4. सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों (ICTs) ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की वृद्धि में किस प्रकार योगदान दिया है? स्पष्ट कीजिए। 20

5. वैश्वीकरण ने स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं को किस प्रकार प्रभावित किया है? क्या आप मानते हैं कि वैश्वीकरण उनके लिए लाभकारी है या हानिकारक? तर्क सहित उत्तर दीजिए। 20

खंड-II

6. आप आधुनिकीकरण (Modernisation) की अवधारणा को कैसे समझते हैं? क्या आप मानते हैं कि आधुनिकीकरण समाज को बेहतर बनाने में सहायक होता है? कारण सहित स्पष्ट कीजिए। 20

7. विकास की योजना और निर्णय-निर्माण की प्रत्येक अवस्था में महिलाओं को शामिल करना क्यों आवश्यक है? 20

8. 'मानव विकास' (Human Development) से आप क्या समझते हैं? यह आर्थिक विकास से कैसे भिन्न है? 20

9. क्या आप सहमत हैं कि विकासशील देशों में गरीबी का मुख्य कारण जनसंख्या वृद्धि है? उदाहरण सहित अपने उत्तर को उचित ठहराइए। 20

10. समाज के हाशिए पर मौजूद वर्गों के सशक्तिकरण में सिविल सोसायटी की क्या भूमिका होती है? स्पष्ट कीजिए। 20